<u>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर</u>

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022—23 की ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

जबलपुर 17 मई। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम बी.ए., बी.काम.बी. एससी., बी.ए. एम.सी., बी.जे.सी., बी.लिब.एससी., बी.ए.एलएल.बी., बी.सी.ए., बी.बी.ए. एवं विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में वर्ष 2022—23 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विवि के शैक्षणिक विभागों के प्रवेश फार्म 18 मई 2022 से ऑनलाइन भरे जाएंगे। इस प्रक्रिया में विद्यार्थी कहीं से भी रादुविवि के एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। ये निर्णय मंगलवार को माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह एवं संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में लिया गया।

विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में महाविद्यालयों की सम्बद्धता एवं निरंतरता एवं कालेज कोड 28 के अंतर्गत सहायक आचार्यों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा पर निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विवि की ओर से रादुविवि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश से लेकर फीस ऑनलाईन जमा करने की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। प्रवेश की प्रथम सूची 07 जून, 2022 को जारी की जायेगी और प्रवेश 10 जून 2022 तक रहेगा। दूसरी सूची 15 जून को और अंतिम सूची 30 जून, 2022 को जारी की जायेगी।

इस संदर्भ में प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. शैलेष चौबे जी ने बताया कि कल प्रातः 11.30 बजे प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। प्रो. चौबे ने बताया कि ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थी विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से विवि के शिक्षण विभागों में 30 जून 2022 तक ऑनलाईन प्रवेश ले सकते हैं।